BULANDSHAHRPOLICE

दिनांक 11 अगस्त, 2024 **थाना चोला**

चोरी की घटना कारित करने वाला 01 शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे/निशादेही से चोरी किया गया शत-प्रतिशत सरिया(वजन करीब 06 क्विंटल) व अवैध चाकू बरामद।

जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 11-08-2024 को थाना चोला पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर चोरी की घटना कारित करने वाले 01 शातिर चोर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की निशादेही पर अभियुक्त के घेर ग्राम मरगूपर से चोरी किया गया शत-प्रतिशत सरिया 05 बंडल (वजन करीब 06 क्विंटल) बरामद किया गया।

अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना चोला पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1. इमरान पुत्र शौकत अली निवासी ग्राम मरगूपुर थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी-

1. 05 बंडल सरिया (वजन करीब 06 क्विंटल)
2. 01 अवैध चाकू

उल्लेखनीय हैं कि थाना चोला क्षेत्रान्तर्गत ग्राम शाहपुर कला में शमशान घाट में निर्माण कार्य चल रहा था तथा निर्माण कार्य का सामान शमशान घाट में रखा था। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर दिनांक 03-05-2024 को शमशान घाट में रखा सरिया चोरी करने की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना चोला पर मुअसं-136/24 धारा 379 भादवि पंजीकृत हैं।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. श्री लोकेश प्रताप सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना चोला
2. व0उ0नि0 आदेश कुमार, उ0नि0 वासुदेव सिंह, उ0नि0 गय्यूर अहमद
3. है0का0 चन्द्रवरी सिंह, का0 अरविन्द कुमार, का0 परवेन्द्र कुमार, का0 आकाश कुमार, है0का0 सहचालक मनोज कुमार

मीडिया सैल बुलन्दशहर